देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 6 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 1 दिसंबर 2019

**रविवासरीय...**सही सलाह देने वाले नहीं मिले





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 22.0° | न्यूनतम 8.0°

40793.81

**2** तालिबान के साथ दोबारा बातचीत

**7** धोनी पर फैसला करने के लिए पर्याप्त समय

## संक्षिप्त समाचार

### 14 दिन की हिरासत में भेजे गए हैदराबाद रेप केस के आरोपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
हैदराबाद। हैदराबाद में एक महिला डॉक्टर से रेप के आरोपी चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। स्थानीय अदालत ने आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। तेलंगाना पुलिस ने महिला डॉक्टर के साथ गैंगरेप, हत्या और जला देने के 4 आरोपियों को शुक्रवार को ही अरेस्ट कर लिया था। आरोपियों की पहचान मोहम्मद आरिफ, नवीन, चिंताकुंता केशावुलु और शिवा के रूप में हुई है।
हैदराबाद के शादनगर इलाके में हुई घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।

### शहीद वीर जवान अनुसुया प्रसाद को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
देहरादून। भारत पाक युद्ध 1971 में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर जवान अनुसुया प्रसाद की 48वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मसूरी विधायक गणेश जोशी एवं सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ भी किया गया। दून के श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल भाऊवाला के प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम में मसूरी विधायक गणेश जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

### मैं आ रही हूं आपके घर, जला देना: प्रज्ञा ठाकुर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
भोपाल। मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक गोवर्धन दांगी के जिंदा जलाने की धमकी के बाद राज्ध्य की भोपाल सीट से बीजेपी सांसद और गोडसे को लेकर दिए अपने बयान को लेकर चर्चा में आई साध्वी प्रज्ञा ने पलटवार किया है। साध्ध्वी प्रज्ञा ने कहा कि कांग्रेसियों का जलाने का पुराना इतिहास रहा है और वह 8 दिसंबर को ब्यावरा जाएंगी। उन्होंने गोवर्धन दांगी से कहा कि वह उन्हें वहीं जला दें।

# शक्ति परीक्षण में उद्धव पास

## 169 विधायकों ने किया समर्थन, बीजेपी का वॉकआउट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। नई नवेली उद्धव ठाकरे सरकार को 288 सदस्यों वाली विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में 169 विधायकों ने समर्थन दिया, जबकि 4 विधायकों ने किसी के भी पक्ष में वोट नहीं दिया। बीजेपी के सदस्यों ने वॉकआउट कर दिया था, इसलिए वोटिंग के दौरान सरकार के खिलाफ एक भी वोट नहीं पड़ा। कांग्रेस के नेता अशोक चव्हाण ने उद्धव ठाकरे की सरकार का विश्वास प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव का एनसीपी के नवाब मलिक और शिवसेना के सुनील प्रभु ने अनुमोदन किया था। विश्वास मत प्रस्ताव के तहत पहले सभी सदस्यों से राय जानी गई और उनकी गिनती भी हुई। इस दौरान

### ■बीजेपी पर कसा तंज– विरोध का तरीका ठीक नहीं

बीजेपी के विधायकों ने सत्र को नियम के तहत न बुलाने पर वॉकआउट कर दिया। दादागीरी नहीं चलेगी, नहीं चलेगी का नारा लगाते हुए बीजेपी विधायक असैंबली से बाहर चले गए। सदन से बाहर निकलने पर मीडिया से बात करते हुए पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति गलत तरीके से की गई है। इसके अलावा मंत्रियों ने जो शपथ ली है, वह गलत है। किसी ने सोनिया गांधी, किसी ने बालासाहेब ठाकरे का नाम लेकर शपथ ली, जो गलत था।

**मैं मैदान में लड़ने वाला आदमी** महाराष्ट्र विधानसभा में बहुमत परीक्षण पास करने के बाद सीएम उद्धव ठाकरे ने अपने ही अंदाज



में विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। 30 सालों तक सहयोगी पार्टी रही बीजेपी के वॉकआउट पर तंज कसते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं अब तक मैदान में लड़ने वाला आदमी रहा हूं, लेकिन यहां जो व्यवहार देखा, उससे लगा कि मैदान ही सही था। उद्धव ठाकरे ने कहा कि सरकार का समर्थन करने के लिए मैं विधायकों का आभार व्यक्त करता हूं।

बीजेपी की ओर से मंत्रियों की शपथ को गलत करार देने और संविधान के नाम की शपथ न लिए जाने के आरोप पर भी उद्धव ठाकरे ने हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारा कोई विरोध नहीं है। हमने यदि सभी महापुरुषों का नाम लेकर शपथ ली तो आखिर क्या गलत है। मैं बार–बार इस तरह से शपथ लूंगा।

### फडणवीस बोले, प्रोटेम स्पीकर नहीं करा सकते फ्लोर टेस्ट

पूर्व सीएम फडणवीस ने कहा कि फ्लोर टेस्ट नियमित स्पीकर तय किए जाने के बाद होता है, लेकिन इस सरकार ने डर के चलते ऐसा किया है। फडणवीस ने कहा कि हम राज्यपाल को इस संबंध में पत्र देने वाले हैं कि सदन की कार्रवाई निरस्त की जाए।

### एनएनएस ने नहीं दिया सरकार के पक्ष में वोट

फ्लोर टेस्ट के दौरान राजठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने सरकार के पक्ष में मतदान नहीं किया। इसके अलावा तीन अन्य विधायकों ने भी किसी भी पक्ष में वोट नहीं दिया। बता दें कि राज ठाकरे महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई हैं। ऐसे में उनकी पार्टी के विधायक का उद्धव सरकार का समर्थन न करना उल्लेखनीय है।

# बाजवा ने जो चोट दी है उसे हमेशा याद करेगा भारत

## करतारपुर कॉरिडोर आर्मी चीफ बाजवा के दिमाग की उपज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। करतारपुर कॉरिडोर जब शुरू हुआ तभी तमाम सुरक्षा विशेषज्ञों ने चेताया कि इसके लिए अचानक पाकिस्तान का राजी होना बताता है कि दाल में कुछ काला है। विशेषज्ञों ने आगाह किया कि पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी कॉरिडोर का इस्तेमाल अपने आतंकी मंसूबो खासकर खालिस्तानी आतंकवाद के लिए कर सकती हैं। अब पाकिस्तान के ही एक शीर्ष मंत्री ने कबूल किया है कि कॉरिडोर पाकिस्तानी आर्मी चीफ बाजवा के दिमाग की उपज थी और इससे भारत को नुकसान पहुंचेगा। मंत्री का यह बयान पाकिस्तान सरकार के उस दावे के उलट है कि करतारपुर कॉरिडोर का आइडिया प्रधानमंत्री इमरान खान का था। अपने बड़बोलेपन के लिए पहचाने जाने वाले और इमरान खान के करीबी माने जाने वाले पाक के रेल मंत्री शेख रशीद ने शनिवार को कहा कि करतारपुर कॉरिडोर को खोले जाने का विचार आर्मी चीफ बाजवा के दिमाग की उपज थी। रशीद ने साथ में जोर देकर यह भी कहा कि इससे हमेशा भारत को नुकसान होगा। कॉरिडोर को खोलकर बाजवा ने भारत को जिस तरह के घाव दिए हैं उसे वह हमेशा याद रखेगा। इस प्रॉजेक्ट के जरिए पाक ने शांति का एक नया तरह का माहौल बनाया है और सिख समुदाय का प्यार जीता है।

### विवाद से बचने के लिए कॉरिडोर के उद्घाटन में नहीं गए थे बाजवा

किसी तरह के विवाद से बचने के लिए ही जनरल बाजवा ने करतारपुर उद्घाटन समारोह में हिस्सा नहीं लिया था। इससे पहले, पिछले साल 28 नवंबर को कॉरिडोर के शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने बाजवा को झप्पी दी थी, जिस पर विवाद हुआ था।

### बाजवा के सेवा विस्तार को भारतीय मीडिया ने बढ़ा–चढ़ाकर दिखाया

पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद ने यह भी कहा कि भारतीय मीडिया ने जनरल बाजवा के सेवाविस्तार के मुद्दे को बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया। रशीद ने घुमा–फिराकर यह कहने की कोशिश की कि इमरान खान सरकार के सिर पर बाजवा का हाथ है। उन्होंने कहा, इमरान खान सरकार के पास अभी 3 साल और हैं और बाजवा को भी 3 साल का सेवा विस्तार मिला है न कि 6 महीने का।

# सियाचिन में 18,000 फीट पर हिमस्खलन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र में सियाचिन ग्लेशियर में आज आए बर्फीले तूफान में दो जवान शहीद हो गए। भारतीय सेना ने बताया कि आज तड़के जवान दक्षिणी सियाचिन ग्लेशियर में 18,000 फीट की ऊंचाई पर गश्त कर रहे थे तभी हिमस्खल हुआ और बर्फ के पहाड़ में दबने से दो जवान शहीद हो गए। सेना ने बताया कि राहत एवं बचाव टीम घटनास्थल पर पहुंचकर फंसे जवानों को निकाल लिया है। बता दें कि कुछ दिन पहले भी सियाचिन ग्लेशियर में हुए भीषण हिमस्खलन में भारतीय सेना के 4 जवान शहीद हो गए थे। इसके अलावा दो पोर्टरों की भी मौत हो गई गई थी।

**1984 से अबतक 1000 से अधिक जवान शहीद:** सियाचिन में इससे पहले भी कई बार ऐसे हादसों में भारतीय सेना के सैकड़ों जवान अपनी जान गंवा चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, साल 1984 से लेकर अब तक हिमस्खलन की घटनाओं में सेना के 35 ऑफिसर्स समेत 1000 से अधिक जवान सियाचिन में शहीद हो चुके हैं। 2016 में ऐसे ही एक घटना में मद्रास रेजीमेंट के जवान हनुमनथप्पा समेत कुल 10 सैन्यकर्मी बर्फ में दबकर शहीद हो गए थे।

**सर्दी में -60 डिग्री तक हो जाता है तापमान:** बता दें कि कारकोरम क्षेत्र में लगभग 20 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर विश्व में सबसे ऊंचा सैन्य क्षेत्र माना जाता है, जहां सैनिकों को फ्रॉस्टबाइट (अधिक ठंड से शरीर के सुन्न हो जाने) और तेज हवाओं का सामना करना पड़ता है।

ग्लेशियर पर ठंड के मौसम के दौरान हिमस्खलन की घटनाएं आम हैं। साथ ही यहां तापमान शून्य से 60 डिग्री सेल्सियस नीचे तक चला जाता है।

### दुखद

दो जवान शहीद, सेना ने बताया कि जवान 18 हजार फीट की ऊंचाई पर गश्त कर रहे थे

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# सरकार ने विकास के लिए कई फैसले किए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के 180 दिन पूरे होने पर शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने देश के विकास, सामाजिक सशक्तीकरण और एकता को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले किए हैं। मोदी ने हैशटैग इंडिया फर्स्ट के 6 माह... के साथ एक के बाद एक दो ट्वीट किए।

### पीएम ने दूसरे कार्यकाल में 6 महीने पूरा होने पर ट्वीट किया

पीएम मोदी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के ध्येय से प्रेरित होकर और 130 करोड़ भारतीयों के आर्शीवाद से एनडीए सरकार नए उत्साह से भारत के विकास और 130 करोड़ भारतीयों के जीवन को सशक्त बनाने के लिए काम करना जारी रखे हुए है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 6 महीने में हमने अनेक ऐसे फैसले किए जो विकास, सामजिक सशक्तीकरण और देश की एकता को मजबूत बनाने वाले थे। उन्होंने कहा कि हम आने वाले समय में और भी काफी कुछ करने की इच्छा रखते हैं, ताकि हम समृद्ध और प्रगतिशील नया भारत बना सकें।